भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

लोक उद्यम विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 700

दिनांक 13 दिसम्बर, 2022 को उत्तर देने के लिए

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में रिक्त पद

700. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में वर्तमान में रिक्त पदों की संख्या का पीएसयू-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों में विभिन्न पीएसयू में भरी गई रिक्तियों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि वर्तमान में पीएसयू में बड़ी संख्या में शीर्ष पद रिक्त हैं;

(घ) वर्तमान में विभिन्न पीएसयू में शीर्ष प्रबंधन के रिक्त पदों की संख्या का पीएसयू-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) पीएसयू में ऐसी रिक्तियों को तत्काल भरने के लिए सरकार ने क्या उपाय किए हैं?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री

(डॉ. भागवत किशनराव कराड)

(क और ख)**:** केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसईज़) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्य करते हैं और केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में बोर्ड स्तर से नीचे के पदों पर भर्ती संबंधित केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के प्रबंधन द्वारा प्रचलित व्यावसायिक स्थितियों और आवश्यकताओं तथा भविष्य के प्रचालनों, विस्तार/निवेश योजना, सेवानिवृत्ति आदि जैसे अन्य कारकों के अनुसार की जाती है। यह एक सतत् प्रक्रिया है। दिनांक 31.3.2022 तक, उपलब्ध सूचना के अनुसार, 248 परिचालित सीपीएसईज़ थे, जिनका कुल ऑन-रोल रोजगार 8.41 लाख था। केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में रिक्त पदों के ब्यौरे की सूचना लोक उद्यम विभाग (डीपीई) में केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखी जाती है।

(ग से ङ): कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अधीन लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग द्वारा सूचित रिक्ति के अनुसार केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के सीएमडी/एमडी/पूर्णकालिक निदेशकों का चयन करता है। लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी)/खोज सह चयन समिति (एससीएससी)/सिविल सेवा बोर्ड (सीएसबी) द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों की नियुक्ति संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से की जाती है। दिनांक 08.12.2022 तक लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, सीपीएसईज़ के सीएमडी/एमडी/पूर्णकालिक निदेशकों के 72 पद रिक्त हैं, जहां चयन प्रक्रिया चल रही है। केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में शीर्ष प्रबंधन पदों पर रिक्तियों का उत्पन्न होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। यद्यपि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाते हैं कि बोर्ड स्तर के पद लम्बे समय तक रिक्त न रहें, फिर भी किसी भी समय कुछ पद ऐसे होंगे जो विभिन्न कारणों से रिक्त रह जाते हैं। संगठन के सुचारू संचालन के लिए बोर्ड स्तर के किसी भी रिक्त पद को अन्य सेवारत अधिकारी के अतिरिक्त प्रभार के तहत रखा जाता है।

*****